अमर उजाला 07/01/2026

विद्यार्थियों को लर्निंग किट की वितरित

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में शिविर कोर्स में मौजूद विद्यार्थी व अन्य। कॉलेज

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में शिविर कोर्स के दूसरे दिन बैच टू के विद्यार्थियों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कोर्स की संरचना, उद्देश्यों और सीखने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। सचिन मिश्रा, जसवीर कौर ने विद्यार्थियों को लर्निंग किट वितरित किए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को उभरती हुई प्रौद्योगिकी के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. प्रबलीन कौर, डीन फैकल्टी ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन, श्याम रहेजा विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। संवाद